# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू, राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा– सरकारी क्षेत्र में पारदर्शी एवं निष्पक्ष भर्ती सरकार की प्राथमिकता में शामिल।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एआई समिट में स्पेन के राष्ट्रपति और गुगल के सीईओ से की मुलाकात, बैठक में द्विपक्षीय संबंधों और प्रौद्योगिकी सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा।**
3. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़ी बड़गाई अंचल की जमीन मामले में पीएमएलए कोर्ट में आरोप गठन की सुनवाई अब 27 फरवरी को होगी।**
4. **होली को लेकर रेलवे ने की धनबाद–यशवंतपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा, 21 फरवरी से 27 अप्रैल तक चलेंगी वि□ोश ट्रेनें ।**
5. **आईसीसी टी– 20 वर्ल्ड कप में आज भारत का मुकाबला नीदरलैंड से, ग्रुप स्टेज में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान में उतरेगी भारतीय टीम।**

**********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने अभिभाषण में सरकार का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती सरकार की प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि अपराध के क्षेत्र में नक्सलवाद पर लगाम लगाने के साथ ही राज्य की अंदरूनी सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत किया गया है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई से भी भेंट की और डिजिटल सहयोग व तकनीकी नवाचार पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी आज फिनलैंड के प्रधानमंत्री एंटी पेटेरी ओर्पो, सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविक, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्ज़हास बेक्टेनोव से भी मुलाकात करेंगे।

**********************

रांची के बडगाई अंचल की 8 दशमलव 46 एकड़ जमीन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप गठन की सुनवाई अब 27 फरवरी को होगी। बता दें कि कल पीएमएलए कोर्ट में आरोप गठन पर सुनवाई पूर्व से तय थी, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य आरोपियों की ओर से डिस्चार्ज याचिका दाखिल किए जाने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट अब पहले डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसके बाद आरोप गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज एक निजी विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में इसरो के चेयरमेन डा. बी नारायणन, डीआरडीओ के महानिदेशक डा. बी के दास और तीरंदाजी कोच पूर्णिमा महतो भी शामिल होंगी। समारोह में कुल एक हजार तीन सौ इकतीस डिग्रीधारकों को प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे।

**********************

होली को लेकर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने धनबाद–यशवंतपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है, जो 23 फरवरी से 27 अप्रैल तक धनबाद से प्रत्येक सोमवार और 21 फरवरी से 25 अप्रैल तक यशवंतपुर से प्रत्येक शनिवार को संचालित होगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी के दो, स्लीपर के 13 तथा चार सामान्य कोच लगाए जाएंगे। वहीं 2 मार्च को गोंदिया–पटना के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलेगी, जो राउरकेला, रांची, बोकारो, धनबाद सहित विभिन्न स्टेशनों से होते हुए पटना पहुंचेगी।

**********************

निर्वाचन आयोग ने 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव की घोषणा कर दी है। अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी और नामांकन 5 मार्च तक भरे जा सकेंगे। मतदान 16 मार्च को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना भी होगी। इन 37 सीटों में महाराष्ट्र से 7, तमिलनाडु से 6, पश्चिम बंगाल और बिहार से 5–5, ओडिशा से 4, असम से 3, जबकि छत्तीसगढ़, हरियाणा और तेलंगाना से 2–2 तथा हिमाचल प्रदेश से 1 सीट शामिल है।

**********************

राज्य में 23 फरवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। देवघर जिले में उम्मीदवारों का प्रचार और जनसंपर्क अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल शाम सिमडेगा के सैंपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने राज्य सरकार पर रोजगार, महिला सशक्तिकरण और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे मुद्दों पर सरकार को पूरी तरह विफल बताया।

**********************

जमशेदपुर मानगो नगर निगम के वार्ड 33 से प्रत्याशी शीतल कुमार रजक का मंगलवार सुबह निधन हो गया। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने वार्ड 33 का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। हालांकि इसका मानगो नगर निगम के अन्य वार्डों में होने वाले चुनाव पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 फरवरी को मानगो नगर निगम के शेष वार्डों में मतदान कराया जाएगा। आयोग ने बताया कि वार्ड 33 में चुनाव की नई तिथि पूरी चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद घोषित की जाएगी।

**********************

राज्य सरकार ने कानून–व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य के 606 पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। लगभग 134 करोड़ रुपये की इस परियोजना को चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**********************

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 134 अंक गिरकर 83 हजार 317 पर और निफ्टी उनचालीस अंक गिरकर 25 हजार 687 पर आ गया। क्षेत्रीय स्तर पर देखें तो आईटी, मीडिया और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं सबसे अधिक प्रभावित हुईं, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, धातु और कमोडिटीज में सबसे अधिक बढ़त देखी गई।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 65 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

आईसीसी पुरुष टी–20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज का मैच भारत क्रिकेट टीम और नीदरलैंड्स के बीच नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7 बजे खेला जाएगा। एक रिपोर्ट –

**************************